Plan to project tour circuit

394. SHRI T. VENKATRAM REDDY:
SHRI G. PRATHAPA REDDY:

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether India Tourism Development Corporation has planned to project abroad a tour circuit linking certain places of major tourists attraction of the country;

(b) whether places of major attraction have been identified as well as places which would be part of this circuit and whether any such place in Andhra Pradesh has been included as part of this circuit; and

(c) if so, the details in this regard?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) to (c) No! Sir. However, Govt, of India Tourist offices abroad promote various tourist destinations and attractions of the country which include places of tourist interest in Andhra Pradesh such as Hyderabad, Nagarjunasagar, Tirupati, Visakhapatnam, etc.

केन्द्रीय सरकार से सहायता प्राप्त स्वास्थ्य योजनाएं

395. **श्री दिलीप सिंह जूदेव**: क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभिन्न राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों और विशेष रूप से मध्य प्रदेश और गुजरात में केन्द्रीय सरकार से सहायता प्राप्त कितनी स्वास्थ्य योजनाएं काम कर रही हैं;

(ख) वर्ष 1994-95 के दौरान राज्य-वार कितनी धनराशि का आवंटन किया गया हैं;

(ग) क्या सरकार ने केन्द्रीय सहायता प्राप्त स्वास्थ्य योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में की गई प्रगति पर निगरानी रही हैं ;और

(घ) यदि हां,तो इस संबंध में देखी गई प्रगति तथा कर्मियों का ब्यौरा क्या हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा जल संसाधन मंत्री (श्री ए.आर.अन्तुले): (क) और (ख) मध्य प्रदेश और गुजरात राज्यों प्रति विभिन्न राज्यों संघ राज्य क्षेत्रों में 10 केन्द्रीय सहायता प्राप्त स्वास्थ्य और परिवार कल्याण स्कीमें जो कि विवरण में दी गई हैं (**नीचे देखिए**) इसके अतिरिक्त,राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित कई केन्द्रीय स्कीमें हैं । प्रमुख केन्द्रीय स्कीमों की सूची विवरण में दी गई हैं (**नीचे देखिए**) वर्ष 1994-95 में केन्द्रीय सहायता प्राप्त स्वास्थ्य स्कीमों के लिए राज्यवार आबंटन विवरण-III में दिए गए हैं । (**नीचे देखिए**)

(ग) और (घ) जी हां । कार्यक्रमों के कार्यान्वयन और उपलब्धियों में काफी प्रगति हुई हैं जिससे देश में विभिन्न संचारी और असंचारी रोगों से होने वाली रूग्णता और मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिली हैं । जन्म के समय जीवन प्रत्याशी जो आजादी के समय केवल 32 वर्ष थी,अब बढ़कर 60 वर्ष हो गई हैं । शिशु मत्यु दर प्रति हजार जीवित जन्म पर घटकर 74 पर आ गई हैं । अशोधित मृत्यु दर घटकर प्रति हजार पर 9 हो गई हैं । तथापि,देश के कुछ भागों में,विशेष रूप से दुर्गम भूभाग वाले आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में और सुधार की आवश्यकता हैं।

विवरण-I

केन्दीय सहायता-प्राप्त स्कीमों की सूची

(क) केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों

(i) राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम,जिसमें कालाजार,फाइलेरिया,जापानों इन्सेफलाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम भी शामिल हैं ।

(राज्य और केन्द्र के बीच 50:50 प्रतिशत के अनुपात में खर्च वहन करने के आधार पर)

(ii) राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम

(शत प्रतिशत केन्द्रीय सहायता)

(iii) राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम(राज्य और केन्द्र के बीच 50:50 प्रतिशत खर्च वहन करने के आधार पर)

(iv) राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम

(शत प्रतिशत केन्द्रीय सहायता)

(v) राष्ट्रीय गिनीकृमि उन्मूलन कार्यक्रम(राज्य और